मुझे गम नही इस बात का

मुझे ग़म नही इस बात का साया भी ना मेरे संग है,
मुझे गर्व है इस बात का मेरा सांवरा मेरे संग है

सुख हो दुख चाहे हस के सहता हु,
जैसे रखता ये वैसे रहता हूं ,
जो भी दिल मे हो इनसे कहता हूं,
जो भी दिल मे हो इनसे कहता हूं ,
मुझे गम नही इस बात का ये जहां करे मुझे तंग है
मुझे गर्व है बात का मेरा सांवरा मेरे संग है,

प्रेम की भाषा ये समझता है,
मेरे भावो को ये ही पड़ता है,
मेरी खातिर ये सबसे लड़ता है,
मेरी खातिर ये सबसे लड़ता है,
मुझे गम नही इस बात का जीवन कटी सी पपतंग है,
मुझे गर्व ह इस बात का मेरा सांवरा मेरे संग है,

सोचता हूं मुझमे क्या देखा,
पल में बदला है भाग्य का लेखा,
मोहित संवरी है कर्मो की रेखा,
मोहित संवरी है कर्मो की रेखा,
मुझे गम नही इस बात का मुझे देख के सब दंग है,
मुझे गर्व है इस बात का मेरा सांवरा मेरे संग है,

मुझे गम नही इस बात का साया भी ना मेरे संग है

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/4029/title/mujhe-gham-nhi-is-baat-ka-saya-bhi-naa-mere-sang-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |